C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 75 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 01 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## आरपीएससी पर सवाल खड़े करते हुए पायलट बोले- एसआई भर्ती मामले में कोर्ट का फैसला सरकार के लिए तमाचा

**भीलवाड़ा फोकस @ टोंक**

कांग्रेस महासचिव और टोंक विधायक सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी में कई खामियां हैं, जिनकी ओर वे पहले भी ध्यान दिला चुके हैं। उन्होंने कहा कि एसआई भर्ती मामले में हाईकोर्ट का हालिया फैसला राज्य सरकार के लिए बड़ा सबक है। यदि भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियां रोकनी है तो आरपीएससी का पुनर्गठन कर उसे यूपीएससी की तर्ज पर ढालना होगा। कांग्रेस कार्यालय टोंक में कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में पायलट ने कहा कि सरकार ने भर्ती गड़बड़ी की जांच को लेकर कमेटी तो बनाई, लेकिन बाद में अदालत में पलट गई। अगर पूरी प्रक्रिया पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में फिर से गड़बड़ी सामने आएगी।

वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रश्न निर्वाचन आयोग से पूछे जाते हैं, मगर जवाब भाजपा प्रवक्ता देते हैं। अब समय बदल रहा है, एक-एक वोट की कीमत है। पहले दुर्गम क्षेत्रों में चार दिन पहले मतदान दल पहुंचते थे और हर वोट सुरक्षित रहता था, लेकिन अब लाखों वोट कट रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस जल्द ही सभा और हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगी। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों की वीडियो फुटेज 45 दिन में हटाने के निर्णय पर भी उन्होंने चिंता जताई और कहा कि इससे वोट चोरी की आशंका और बढ़ेगी।



पटना में कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा समर्थकों के हमले की निंदा करते हुए पायलट ने कहा कि हिंसा का सहारा लेकर विपक्ष को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर दिए गए अमर्यादित बयान पर भी कहा कि सभी दलों को संसदीय भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

पायलट ने बताया कि 2 सितम्बर को कांग्रेस की बैठक होगी, जिसमें विधानसभा सत्र के दौरान सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

## खेत की रखवाली कर रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह खेत से अचेत अवस्था में युवक का शव मिलने पर परिजनों और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, सीडियास निवासी सत्यनारायण (38) पुत्र लक्ष्मण सिंह रावणा राजपूत शनिवार रात रोजाना की तरह फसल की देखरेख के लिए खेत पर गया था। लेकिन सुबह तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने संपर्क करने का प्रयास किया। फोन नहीं उठाने पर वे खेत पहुंचे, जहां सत्यनारायण अचेत अवस्था में मिला ।

तुरंत परिजन उसे मांडल राजकीय उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया।



मृतक सत्यनारायण

सूचना पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। ग्रामवासी दिनेश गुर्जर ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत जहरीले जंतु के काटने से होना प्रतीत होती है।

## राजस्थान कैबिनेट की अहम बैठकः निःशुल्क 150 यूनिट बिजली, अवैध धर्मांतरण पर सख्ती और 2 लाख स्ट्रीट लाइटें लगाने का निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को हुई मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्रदेशवासियों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। इनमें घरेलू उपभोक्ताओं को 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली, अवैध धर्मांतरण पर कठोर प्रावधानों के साथ नया विधेयक, शहरी क्षेत्रों में सीवरेज सिस्टम सुधार, 2 लाख स्ट्रीट लाइटें लगाने और राजसेस महाविद्यालयों में 4724 पदों पर भर्ती जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं।

बैठक में तय किया गया कि 1 करोड़ 4 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़कर अब 150 यूनिट तक निःशुल्क बिजली दी जाएगी। इसके लिए पात्र उपभोक्ताओं को निःशुल्क रूफटॉप सोलर पैनल तथा सामुदायिक सोलर संयंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। पहले 10 लाख उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन स्वरूप 1100-1100 रुपये भी दिए जाएंगे।



सरकार ने शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी को देखते हुए एक लाख की जगह अब 2 लाख नई एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाने का निर्णय लिया है। वहीं, सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में संशोधन कर सभी नगरीय निकायों में सुव्यवस्थित सीवरेज सिस्टम लागू किया जाएगा।

अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 विधानसभा में नए कठोर प्रावधानों के साथ पुनः लाया जाएगा। इसमें दोषियों को न्यूनतम 7 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास और लाखों रुपये तक का जुर्माना हो सकेगा।

इसके साथ ही, 374 राजसेस महाविद्यालयों में 4724 शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों पर संविदा भर्ती को मंजूरी दी गई है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।

## ढेलाणा में चोरो ने दो घरों को बनाया निशाना, खेत में सोई महिला के गले से मादलिया काटकर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती ढेलाणा गांव में शनिवार आधी रात चोरों ने दो घरों में घुसकर वारदात की कोशिश की। जाग होने पर वे वहां से भाग निकले, जबकि बाद में सवाईपुर रोड पर खेत में सो रही महिला के गले से सोने का मादलिया काटकर ले गए। जानकारी के मुताबिक करीब 1 बजे चोर भैरूलाल जाट के घर की दीवार फांदकर अंदर घुसे और बरामदे में सो रहे दिनेश का मोबाइल उठा ले गए। कुछ देर बाद मोबाइल वापस घर के बाहर ही छोड़ दिया गया। इसके बाद चोर पास ही बद्रीलाल जाट के घर पहुंचे, जहां मुख्य गेट को अंदर से खोलने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान बद्रीलाल की पत्नी नंदू जाग गई और पुत्र धर्मराज को जगाया। धर्मराज ने चोर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह छत के रास्ते से हाथ छुड़ाकर भाग गया। ग्रामीणों ने तलाश की, पर चोर अंधेरे का फायदा उठाकर निकल गए।



रात करीब 3 बजे सवाईपुर रोड स्थित बड़ला चौराहे के पास खेत पर सो रहे ईश्वरलाल प्रजापत और उनकी पत्नी बादाम देवी को निशाना बनाया गया। बादाम देवी के गले से सोने का मादलिया काटते वक्त उनकी आंख खुल गई। शोर मचाने पर चोर मादलिया लेकर फरार हो गया।

तलाशी के दौरान ग्रामीणों को सड़क पर पैदल जाता एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न देने पर और उसके पास से सब्जी काटने का छोटा चाकू मिलने पर ग्रामीणों ने सवाईपुर पुलिस को सूचना दी। कांस्टेबल रजनीश कुमार मौके पर पहुंचे और संदिग्ध को शांतिभंग के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## स्टेट हाईवे पर बंद पेट्रोल पंप की टंकी के नल से लटका मिला महिला का शव , पुलिस ने किया बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

रायपुर थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक बंद पड़े पेट्रोल पंप की पानी की टंकी के नल से महिला का शव लटका हुआ मिला। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही रायपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर रायपुर अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। महिला के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।पुलिस ने बताया है कि शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस प्राथमिक जांच में आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल कर रही है।



## भीलवाड़ा में आज पेयजल सप्लाई रहेगी बाधित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिलेवासियों को सोमवार को पानी की किल्लत झेलनी पड़ेगी। चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना से होने वाली जलापूर्ति तकनीकी खराबी के चलते प्रभावित रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि रविवार को भुंजरकला फीडर लाइन पर बार-बार पावर ट्रिपिंग हुई। इसी दौरान शाम करीब 4.20 बजे आकाशीय बिजली गिरने से लाइन में बड़ा फ़ॉल्ट आ गया। एवीवीएनएल की टीम इसे दुरुस्त करने में जुटी हुई है। फ़ॉल्ट के कारण आरोली स्थित डब्ल्यूटीपी पर जल आपूर्ति रुक गई है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि सोमवार को भीलवाड़ा शहर समेत जिलेभर में पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी ।

## हाईवे पर ट्रेलर पलटा, 8 घंटे तक लगा जाम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

मांडल-सांगानेर मेगा हाईवे पर रविवार सुबह तस्वारिया खुर्द चौराहे के पास बड़ा हादसा हो गया। मार्बल ब्लॉकों से लदा एक ट्रेलर असंतुलित होकर पलट गया। ट्रेलर के साथ गिरे भारी स्लैबों ने सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया, जिससे मौके पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई और करीब आठ घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से मौके पर जेसीबी मशीन बुलाकर ब्लॉकों को किनारे हटाया गया, तब जाकर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। हालाँकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है ।



C M Y K

# कोटड़ी में ऐतिहासिक जलझूलन महोत्सव, 1151 किलो शक्कर से बना छप्पनभोग अर्पित

## 2 सितम्बर रात 1 बजे से भक्तों को मिलेगा प्रसाद, कवि सम्मेलन आज और भजन संध्या कल







भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम भगवान श्रीचारभुजानाथ मंदिर में चल रहे भव्य जलझूलन महोत्सव के तहत रविवार को 1151 किलो शक्कर से बने व्यंजनों का विशाल छप्पनभोग प्रभु के चरणों में अर्पित किया गया। दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ ने प्रभु के भोग और श्रृंगार के दर्शन किए। छप्पनभोग का प्रसाद 2 सितम्बर की रात 1 बजे से भक्तों में वितरित किया जाएगा, जिसके लिए पैकेट बनाने का कार्य शुरू हो गया है।

छप्पनभोग की तैयारी 21 अगस्त से मांडल व सरसड़ी के महंत दीपकपरी महाराज और सर्वसमाज के पदाधिकारियों के सान्निध्य में शुरू हुई थी। गुजराती परिवार के 10 सदस्यों ने 1151 किलो शक्कर व 150 किलो शक्कर बूरा से बने विविध व्यंजनों के साथ नमकीन भी तैयार किया। प्रभु के समक्ष फलों और सब्जियों का विशेष भोग भी अर्पित हुआ। भोग के बाद विशेष आरती हुई जिसमें पंचमुखी दरबार, नृसिंह मंदिर और अन्य मंदिरों के महंत-पुजारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में सुबह भगवान का अभिषेक और श्रृंगार भी हुआ।

### 21 मंदिरों के भगवानों को एक साथ छप्पनभोग

इस बार पहली बार 1151 किलो शक्कर से निर्मित विशाल छप्पनभोग कोटड़ी कस्बे के सभी 21 मंदिरों के भगवानों को एक साथ अर्पित किया गया। मंदिर परिसर थालियों और व्यंजनों से सजा रहा। चारभुजानाथ, सर्वेश्वर महादेव, भीमाशंकर महादेव, राधाकृष्ण, राम-जानकी, सत्यनारायण सहित 21 मंदिरों के भगवानों ने एक साथ भोग ग्रहण किया।

### कवि सम्मेलन आज, भजन संध्या कल

जलझूलन महोत्सव का रंग चढ़ता जा रहा है। 24 अगस्त को रक्तदान शिविर से शुरू हुए आयोजन में अब सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। 1 सितम्बर की रात 8 बजे विराट कवि सम्मेलन होगा, जिसमें शशिकांत यादव, दिनेश देशी घी, कवयित्री भुवन मोहिनी, मोहित शौर्य, गोविंद राठी व ओम आदर्श काव्यपाठ करेंगे। 2 सितम्बर की रात भजन संध्या में छोटू सिंह रावणा और गोकुल शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### जलझूलन एकादशी पर भव्य शोभायात्रा

3 सितम्बर को जलझूलन एकादशी पर भगवान श्रीचारभुजानाथ की निज प्रतिमा रत्नजड़ित रेवाड़ी में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी। अन्य मंदिरों के भगवान भी बेवाण में विराजमान होकर भक्तों के कंधों पर झूलते हुए सरोवर पहुंचेंगे। संध्या में धर्माऊ तालाब पर भगवान का जलझूलन होगा और रातभर भक्तों के साथ रहेंगे। 4 सितम्बर को वामन जयंती पर भगवान अपने निजधाम लौटेंगे और मेले का समापन होगा।

मंदिर ट्रस्ट व प्रशासन ने भक्तों की सुविधा और पदयात्रियों के स्वागत हेतु विशेष व्यवस्थाएं की हैं। जगह-जगह लंगर और स्वागत मंडलियों की तैयारियां जोरों पर हैं।

# पालनाजी देवनारायण मंदिर में दानपेटी तोड़ चोरी का प्रयास, गैस सिलेंडर चुराए




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुर कस्बे के प्रसिद्ध पालनाजी देवनारायण मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दान पेटी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। जाते-जाते वे दो गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। घटना मंदिर के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सुबह पुजारी ने सिलेंडर गायब पाए और सूचना मंदिर ट्रस्ट को दी। ट्रस्ट के भंवरलाल हरल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने घटना पर रोष जताते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय की पाँच उपशाखाओं में निर्विरोध चुनाव सम्पन्न



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिले की शेष पाँच उपशाखाओं के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। सभी उपशाखाओं में निर्विरोध रूप से प्रतिनिधियों का चयन किया गया। इससे पहले गत 24 अगस्त को पाँच अन्य उपशाखाओं के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। अब जिले की सभी उपशाखाओं की नई कार्यकारिणी का गठन पूरा हो गया है।

जिलाध्यक्ष राम प्रसाद माणम्या ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार अगस्त माह में सभी उपशाखाओं के चुनाव सम्पन्न कराने थे। रविवार को आसीन्द, हुरड़ा, रायपुर, मांडलगढ़ और भीलवाड़ा शहर की उपशाखाओं के चुनाव सम्पन्न हुए। वहीं मांडल, करेड़ा, सहाड़ा, सुवाणा और बिजौलिया के चुनाव गत रविवार को ही हो गए थे। जिला कार्यकारिणी के चुनाव संगठन के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार सितम्बर माह में होंगे।

जिला मंत्री सुरेशचन्द्र बड़वा ने बताया कि आसीन्द उपशाखा में चुनाव अधिकारी राम प्रसाद माणम्या की देखरेख में दूदाराम गुर्जर अध्यक्ष, राजेश ओझा मंत्री, शिवराज सुथार कोषाध्यक्ष, जसोदा तेली महिला मंत्री, कैलाश खटीक सभाध्यक्ष, कन्हैयालाल शर्मा एवं ईश्वर लाल भील उपसभाध्यक्ष निर्वाचित हुए। हुरड़ा में अध्यक्ष गोपाललाल भील, मंत्री नागेश्वर दाधीच, उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह राठौड़ और महिला मंत्री स्नेहलता मूंदड़ा चुनी गईं।

इसी प्रकार रायपुर उपशाखा में चुनाव अधिकारी रामेश्वर लाल आमेटा की मौजूदगी में अध्यक्ष राधेश्याम जीनगर, मंत्री विजेश सैनी, कोषाध्यक्ष भगवतीलाल सुथार और सभाध्यक्ष दिनेश शर्मा निर्वाचित हुए। मांडलगढ़ उपशाखा में अध्यक्ष नन्दलाल पारीक, मंत्री साँवरमल जाट, कोषाध्यक्ष मुदित शर्मा और महिला मंत्री मंजू स्वर्णकार चुने गए। वहीं भीलवाड़ा शहर उपशाखा में अध्यक्ष बसन्तीलाल पोरवाल, मंत्री संध्यारानी सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मेहता और महिला मंत्री शारदा विश्नोई निर्वाचित हुए।

सभी चुनाव नियमानुसार पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न हुए। निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा गया।

# बिजौलिया-राणा जी का गुड़ा बाइपास सड़क पर नियम विरुद्ध स्पीड ब्रेकर, जगह-जगह गड्ढों से बिगड़ी हालत



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से राणा जी का गुड़ा को जोड़ने वाली बाइपास सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। सड़क पर आमजन द्वारा जगह-जगह अनाधिकृत और करीब 2 से 3 फीट ऊँचे स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। इन अवैध अवरोधकों को बनाने की न तो कोई स्वीकृति ली गई है और न ही इनके पास संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। परिणामस्वरूप इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएँ होना आम बात बन गई है।

इसके अलावा भारी वाहनों की लगातार आवाजाही ने सड़क की स्थिति और भी खराब कर दी है। जगह-जगह 3 से 4 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसात का पानी भर जाने से कीचड़ फैल रहा है। हालात यह हैं कि सड़क पर पैदल निकलना भी ग्रामीणों के लिए दूभर हो गया है।

ग्रामीण अमित ने बताया कि यह सड़क बाइपास होने के कारण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन विभाग की अनदेखी से यह खतरनाक बन चुकी है। न तो मरम्मत की जा रही है और न ही अवैध गति अवरोधकों को हटाने की दिशा में कोई कदम उठाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर सोपुरा में पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर पर बीगोद खण्ड के सोपुरा ग्राम में रविवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः सामुदायिक भवन पर सम्पन्न हुआ। प्रांत सह कुटुंब प्रबोधन संयोजक सूर्यप्रकाश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि भारत की परंपराओं को जीवित रखने का कार्य आज भी गांव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु सभी को संगठित होकर प्रयास करने चाहिए।

संचलन के दौरान ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शाहपुरा पुलिस ने धरदबोचा अवैध बजरी से भरा ट्रक, चालक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा


अवैध खनन और बजरी परिवहन पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल की। गश्त के दौरान शाहपुरा-आसींद मार्ग पर पुलिस ने एक ट्रक को रोका, जिसमें अवैध बजरी का परिवहन पाया गया। थाना प्रभारी के निर्देशन में उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त किया है। मौके से चालक शंकरलाल, पुत्र भेरू बेरवा, को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के मामले में ट्रक को थाने में खड़ा करा चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।




## QUICK BITES

### नौगांवा में राधा अष्टमी पर साँवरिया सेठ का भव्य श्रृंगार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नौगांवा स्थित श्री साँवरिया सेठ मंदिर में राधा अष्टमी के अवसर पर भव्य श्रृंगार और धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। आयोजन माँ भारती ग्रुप और श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के सहयोग से हुआ, जिसमें गीता पाठ, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और आरती जैसे अनुष्ठान किए गए। माँ भारती ग्रुप की माताओं और बहनों ने घरों से विशेष मिष्ठान लाकर छप्पन भोग अर्पित किया। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं ने झांकी दर्शन किए और प्रसाद वितरण हुआ।

### दशलक्षण पर्व पर जिनालयों में हुई उत्तम शौच धर्म की आराधना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।



दशलक्षण महापर्व के तहत रविवार को क्षेत्र के विभिन्न जिनालयों में श्रद्धालुओं ने उत्तम शौच धर्म की साधना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही, जहाँ शांतिधारा, अभिषेक और विशेष पूजन-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

बड़े जैन मंदिर में सभी वेदियों पर विराजमान प्रतिमाओं की विधिवत पूजा की गई। शांतिधारा का लाभ शांतिलाल, राजेंद्र कुमार, मनोज और अनिल ठग परिवार ने लिया। इस अवसर पर श्रावकों ने भगवान पुष्पदंत के निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्यार्जन किया।

तपोदय तीर्थ परिसर में मूलनायक बड़े-बाबा, छोटे-बाबा और गगनविहारी पार्श्वनाथ की प्रतिमाओं की विशेष पूजा संपन्न हुई। वहीं नया मंदिर और सीमंधर जिनालय में भी भक्तों ने दशलक्षण पर्व की आराधना की।

श्रावकों ने बताया कि पर्व के प्रथम चार दिनों में क्रमशः क्षमा, मार्दव, आर्जव और शौच धर्म की साधना की गई, जिनमें क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे विकारों का त्याग कर शुद्ध आचरण की प्रेरणा ली गई।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर भीलवाड़ा में साइकिल रैली

## फिटनेस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**




राष्ट्रीय खेल दिवस पर रविवार को जिला प्रशासन और भीलवाड़ा साइकिल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फिटनेस साइकिल रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट से रवाना हुई इस रैली को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत और जिला परिषद प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कैप्टन दिनेश चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में नन्हे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रतिभागियों ने शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए फिटनेस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

इस मौके पर विशेष रूप से बाबूलाल जाजू, अरुण संतोष मुछाल, राकेश सक्सेना, मदन खटोड़, सत्यनारायण राठी, राजकुमार अजमेरा, मनोहर डुमोलिया, अमित पुरोहित, डॉ. फरियाद मोहम्मद, डॉ. हेमेंद्र कौशिक, नरेश बाहेती, साइकिल मैन मुकेश कुमावत, हस्तीमल भलावत, ओमप्रकाश काबरा, मुकेश सामरिया, मंजू छिपा, सुरेंद्र छिपा, प्रतीक ईनाणी, सौरभ मानसिंहका, भेरूलाल सुवालका, आशुतोष आचार्य, सोम शर्मा, जगन्नाथ सालवी, लवकुश काबरा, रक्षित सूत्रकार, रामचंद्र मूंदड़ा, गिरिराज कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बाघ की झोपड़िया गांव को किशनगढ़ पंचायत क्षेत्र में जोड़ने की माँग , विधायक को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ



बाघ की झोपड़िया गांव को किशनगढ़ पंचायत क्षेत्र में शामिल करने की माँग को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को समाजसेवी रामलाल मीणा के नेतृत्व में विधायक गोपीचंद मीणा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की ।

ग्रामीणों ने बताया कि उनकी 80 प्रतिशत जमीन किशनगढ़ पटवार क्षेत्र में आती है और गांव भी मात्र 1 किमी दूर है, जबकि वर्तमान में उन्हें जबरन 5 किमी दूर बाकरा पंचायत से जोड़ा गया है। इसके चलते नरेगा कार्यों के लिए उन्हें रोज कीचड़ व धूप में सफर करना पड़ता है। चारागाह भूमि न होने से गांव में नरेगा काम स्वीकृत नहीं हो पाते, जबकि किशनगढ़ से जुड़ने पर 2400 बीघा चारागाह भूमि उपलब्ध है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर मांग नहीं मानी गई तो आगामी पंचायत चुनाव में पूरा गांव मतदान का बहिष्कार करेगा। उन्होंने बाकरा से बाघ की झोपड़िया तक सड़क मार्ग न होने को भी बड़ी समस्या बताया।

इस मौके पर बाबूलाल मीणा , अण्दा लाल मीणा , छोटू लाल मीणा , कालू राम मीणा , कैलाश मीणा , रमेश मीणा , मांगीलाल मीणा , दल्ला राम मीणा , कंवरीलाल भील, छीतरलाल भील, शंकर लाल मीणा , गोपाल मीणा , दल्ला मीणा , कल्याण मीणा , रामराज मीणा , सत्यनारायण मीणा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# काछोला में ब्रह्मभोज का आयोजन, बावन माता मंदिर में हुआ हवन-पूजन

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



अरावली पर्वतमाला की घाटी में बसे काछोला कस्बे में रविवार को परंपरागत ब्रह्मभोज का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन के चलते कस्बे का बाजार दोपहर तक बंद रहा।

सुबह से ही कस्बे व आसपास के ग्रामीण बावन माता मंदिर पहुंचे, जहाँ ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच हवन-पूजन व अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों ने मां के चरणों में फल-फूल अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की।

ग्रामीण मान्यता है कि बावन माता गाँव की रक्षक देवी हैं, जिनकी कृपा से क्षेत्र में विपत्तियाँ टलती हैं और समय पर वर्षा होती है। आयोजन के बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक प्रसादी ग्रहण की। मंदिर परिसर में महिलाओं ने मंगल गीत गाए और युवाओं ने सेवा कार्यों में भाग लिया।

आयोजन के दौरान काछोला ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह गुड्डू बन्ना, हेमेंद्र सिंह, पप्पू धाकड़, कैलाश धाकड़, नारायण माली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाजजन मौजूद रहे।

# कोटड़ी में जाट समाज की भव्य तेजाजी महाराज शोभायात्रा, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान





भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

जाट समाज आम चोखला द्वारा तेजा दशमी के पावन अवसर पर रविवार को भव्य वाहन रैली और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समाज की एकता, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी सुखदेव जाट ने बताया कि रैली की शुरुआत हमारा पम्प से गाजे-बाजे के साथ हुई। रैली नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार, तेजाजी चौक होते हुए चारभुजानाथ मंदिर पहुंची। इस दौरान समाज के युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने भक्ति गीतों और लोकधुनों पर झूमते हुए भागीदारी निभाई। दोपहर को रैली का समापन चारभुजा नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद जाट समाज भवन में सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त अध्यक्ष देवराज जाट ने की। सभा में पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, विधानसभा प्रत्याशी रूपलाल जाट, बाज्या मेवाड़ जाट सभा जिला अध्यक्ष रामेश्वर जाट, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश जाट, अंकित चौधरी, पूर्व प्रधान भैरू जाट सहित कई अतिथि मौजूद रहे। मंच संचालन नारायण भदाला ने किया। सभा में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। अध्यक्ष देवराज जाट ने समाजजनों का आभार व्यक्त किया और समाज की एकता और प्रगति का संदेश देते हुए समाज को नई दिशा देने और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का आह्वान किया।

# भामस अभ्यास वर्ग में ठेंगड़ी की विचारधारा पर मंथन, मजदूरों को संगठित करने पर दिया जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय मजदूर संघ के भीलवाड़ा, अजमेर और ब्यावर जिलों का संभाग स्तरीय अभ्यास वर्ग रविवार को सुवालका छात्रावास, आजाद नगर भीलवाड़ा में आयोजित हुआ। दो दिवसीय इस वर्ग में संघ संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की विचारधारा, संगठन की मजबूती और मजदूर वर्ग को संगठित करने पर गहन चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और संघ संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी व शंभू दादा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अभ्यास वर्ग के विभिन्न सत्रों में शंकर सिंह रावत, प्रभाष चौधरी, विभाग सहकार्यवाह भगवान दास और आनंद सिंह निहाल ने विचार रखे। वक्ताओं ने मजदूर वर्ग को संगठित करने की आवश्यकता, संगठनात्मक संरचना तथा आंदोलन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। समापन सत्र में संभाग संगठन मंत्री दिलीप टॉक ने ठेंगड़ी जी के जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए संगठन को शून्य से शिखर तक पहुंचाने की प्रेरक यात्रा पर प्रकाश डाला।



उन्होंने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर भी विस्तार से बताया और संगठन में सतत सुधार तथा नये प्रयोगों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सहयोगी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भामस जिला अध्यक्ष अजमेर राजेंद्र शर्मा, मंत्री धर्मेंद्र, ब्यावर मंत्री दिलीप जांगिड़ सहित सभी जिलों के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद भीलवाड़ा महानगर की नई कार्यकारिणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अखिल भारतीय साहित्य परिषद भीलवाड़ा महानगर की नवीन सत्रीय कार्यकारिणी का गठन उदयपुर विभाग संयोजक एवं राजस्थान साहित्य अकादमी सदस्य आशीष कुमार सिसोदिया की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रांत महामंत्री जगजितेंद्र सिंह ने नवमनोनीत सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठ होकर साहित्य साधना के भाव से कार्य करने का आह्वान किया।



कार्यकारिणी में विभाग संयोजक राम प्रसाद माणम्या, सह संयोजक लोकेश शर्मा तथा जिला कार्यकारिणी में संयोजक दिनेश शर्मा 'डीन', सह संयोजक सत्यनारायण 'सत्य' व अजीत सिंह चुंडावत 'जयदेव' को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला महिला संयोजक सरिता कंवर 'सरयू', सह संयोजक सुनीता नानकानी, जिला युवा संयोजक अनिल उपाध्याय एवं सह संयोजक सुरेंद्र सिंह मीणा बनाए गए।

महानगर कार्यकारिणी में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ओस्तवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू कोठारी, उपाध्यक्ष सविता टाक, ओम उज्जवल और श्यामसुंदर तिवारी 'मधुप' मनोनीत किए गए। महामंत्री मनमोहन सोनी, सह मंत्री अमित काबरा व रामेश्वर लाल नायक, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोढा, सह कोषाध्यक्ष जयप्रकाश भाटिया, साहित्य मंत्री ललिता शर्मा 'नयास्था', सह साहित्य मंत्री लाजवंती शर्मा, प्रचार मंत्री चंद्रशेखर व्यास, सह प्रचार मंत्री अटलबिहारी वैष्णव, तकनीकी समन्वयक राजेश कुमार चौधरी और सह समन्वयक सतीश टेलर नियुक्त हुए।

इसी तरह मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवीण कुमार जोशी, सह प्रभारी लोकेश कुमार आसोपा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अन्विता ठाकुर, सह प्रभारी राजश्री रतावा व राजमती पोखरणा, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी नीरज गंगवाल और सह प्रभारी रितु चतुर्वेदी को जिम्मेदारी दी गई।

नवीन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ओस्तवाल ने सभी पदाधिकारियों से दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक राम प्रसाद माणम्या ने किया।

# मांडल में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल

राजकीय महात्मा गांधी बालिका माध्यमिक विद्यालय में सांवरिया मित्र मंडल की ओर से विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में गोमा बाई नेत्रालय के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। परीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में मरीजों को नजर के चश्मे और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं।सांवरिया मित्र मंडल के विकास सुवालका ने बताया कि जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता है, उनका ऑपरेशन भीलवाड़ा स्थित गोमा बाई नेत्र चिकित्सालय में पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर सांवरिया मित्र मंडल के बनवारी लाल ओझा , मुकेश मूंदड़ा , शंकर लाल तेली , विनोद ट्रेलर , अतिम कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे



# शाहपुरा में 16 नवम्बर को होगा कायमखानी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी**

कायमखानी समाज ने शाहपुरा में 16 नवम्बर रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मेलन शहर के चिश्तियां ग्राउंड में होगा। निर्णय समाज की बैठक में लिया गया, जो रविवार को तहनाल गेट बाहर दरगाह परिसर में आयोजित हुई।



बैठक में मुख्य अतिथि हाजी उस्मान गनी खां अजमेर रहे जबकि अध्यक्षता उम्मेद खां हुसैनखानी ने की। इस दौरान जमील खां, ताज खां, महबूब खां, सांवत खां और हनीफ खां सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सम्मेलन के संयोजक हाजी शौकत खां कायमखानी ने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले जोड़ों का पंजीयन 20 अक्टूबर तक होगा। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे। निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में घोड़ी, बाजा और डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। सभी रीति-रिवाज सम्मेलन स्थल पर ही सम्पन्न होंगे तथा घर पर अलग से कोई आयोजन नहीं होगा। आयु का निर्धारण 15 अक्टूबर 2025 की स्थिति के अनुसार किया जाएगा। बैठक में सांवत खां, ताज मोहम्मद, जमील खां, मोहम्मद अली खां, आमीन खां, मोहब्बत अली और इकबाल खां ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन की तैयारियों के लिए शाहपुरा में ही एक कार्यालय संचालित किया जाएगा।

## QUICK BITES

### जोजर गांव में सफाई कार्य ठप, ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



जोजर गांव में लंबे समय से सफाई कार्य नहीं होने से गलियों में कीचड़ और गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक साल से ठेकेदार द्वारा सफाई नहीं करवाई गई, जिससे हालात बिगड़ गए हैं।

ग्रामीण प्रधान सिंह राजपूत ने बताया कि सबसे अधिक दिक्कत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास है, जहां बच्चों को रोजाना गंदगी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और नालियों की मरम्मत कराने की मांग की है।

### मांडलगढ़ विधायक ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



हरियालो राजस्थान अभियान के तहत रविवार को काछोला में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने पौधारोपण किया। उन्होंने नीम, पीपल, अशोक सहित कई छायादार व फलदार वृक्ष लगाए और कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि पौधों की देखभाल करना ही असली सेवा है।

विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे संतान की तरह संरक्षित करे। इस दौरान संदीप सोनी, बजरंग मंत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### महर्षि दधीचि जयंती पर देहदान जागरूकता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन सम्मानित, 21 देहदानी बने दधीचि रत्न**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजकीय वीआरवीएस मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में रविवार को महर्षि दधीचि जयंती के उपलक्ष में देहदान जागरूकता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 21 देहदानी को ÷दधीचि रत्न सम्मान÷ प्रदान किया गया। वहीं, देहदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा को अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. वर्षा अशोक सिंह, अतिरिक्त प्राचार्य एवं एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा गंगराड़े, पीएमओ डॉ. अरुण गौड़, आरसीएम समूह निदेशक सौरभ छाबड़ा व रविशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर में देहदान शपथ भी दिलाई गई।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।